# नारायण विहार के मामले में हाईकोर्ट ने कमिश्नर नियुक्त किया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 अप्रैल.** नारायण विहार कॉलोनी में सड़क पर अतिक्रमण के विवाद में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने कागजी रिपोर्ट पर असंतोष जताते हुए मौके की वास्तविक स्थिति जानने के लिए एक वरिष्ठ अधिवक्ता को कमिश्नर नियुक्त किया है। अब यह जांच तय करेगी कि 80 फीट चौड़ा रास्ता वास्तव में मौजूद है या केवल दस्तावेजों में ही सीमित है।

यह मामला नारायण विहार कॉलोनी के इंडस्ट्री एरिया में सड़क पर अतिक्रमण से जुड़ा है। सरकारी रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सड़क पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त है और टीम के निरीक्षण में जमीनी स्तर पर कोई बाधा नहीं मिली। याचिकाकर्ता ने इस रिपोर्ट पर आपत्ति जताई थी।

याचिकाकर्ता का कहना है कि जमीनी हकीकत सरकारी रिपोर्ट से अलग है और सड़क पर अब भी अतिक्रमण बना हुआ है, जिससे वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। उनके वकील ने कोर्ट को बताया कि लीज डीड के अनुसार फैक्ट्री तक 80 फीट चौड़ी सड़क

**30 अप्रैल तक रिपोर्ट सौंपेंगे**

होना अनिवार्य है, लेकिन स्टेटस रिपोर्ट में इस महत्वपूर्ण बिंदु का स्पष्ट उल्लेख नहीं था।

हाईकोर्ट ने रिपोर्ट में 80 फीट चौड़ाई का स्पष्ट जिक्र न होने पर सवाल उठाए थे। राज्य पक्ष भी इस सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिससे तथ्यात्मक विवाद और गहरा गया। इसी को देखते हुए हाईकोर्ट ने निष्पक्ष जांच के लिए हस्तक्षेप किया।

कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता केएन गुप्ता को कमिश्नर नियुक्त किया है। वे सभी पक्षों की मौजूदगी में मौके का निरीक्षण करेंगे। कोर्ट ने ग्वालियर कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि तहसीलदार स्तर के अधिकारी को जांच में सहयोग के लिए नियुक्त किया जाए और निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

कमिश्नर को 30 अप्रैल तक अपनी रिपोर्ट पेश करनी होगी। उनकी फीस 20 हजार रुपए याचिकाकर्ता द्वारा वहन की जाएगी। कलेक्टर को निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

नारायण विहार कॉलोनी के इंडस्ट्री एरिया में सड़क पर अतिक्रमण होने से फैक्ट्री तक पहुंच प्रभावित होने की शिकायत याचिका में की गई।

# गुजरात ने आखिरी गेंद पर मारी बाजी

## रोमांचक मुकाबले में दिल्ली को 1 रन से हराया

**नई दिल्ली, 8 अप्रैल.** गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2026 के रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया. आखिरी गेंद पर दिल्ली को जीत के लिए दो रन चाहिए थे लेकिन कुलदीप यादव रन आउट हो गए. गुजरात टाइंटस ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 210 रन बनाए, इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम केएल राहुल और डेविड मिलर की दमदार पारियों की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट पर 209 रन ही बना सकी. इसके साथ ही गुजरात टाइटंस ने लगातार दो हार के बाद जीत का खाता खोला है. टीम को आईपीएल 2026 में पहली जीत नसीब हुई है.

दिल्ली कैपिटल्स ने 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की. पथुम निसांका 24 गेंद में 41 रन बनाकर आउट हुए. नितीश राणा पांच रन ही बना सके. समीर रिजवी खाता नहीं खोल सके. डेविड मिलर कलाई में चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए. कप्तान अक्षर पटेल दो रन ही बना सके. स्टब्स 7 के स्कोर पर रन आउट हुए. केएल राहुल 52 गेंद में 92 रन बनाकर आउट हुए. विप्रज ने 12 रन का योगदान दिया. आखिरी गेंद पर कुलदीप यादव रन आउट हुए. डेविड मिलर 20 गेंद में 41 रन बनाकर नाबाद लौटे.

गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 210 रन बनाए. गुजरात के लिए जोस बटलर, कप्तान शुभमन गिल और वॉशिंगटन सुंदर ने अर्धशतकीय पारी खेली. गुजरात की तरफ से गिल ने सर्वाधिक 70 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने दो विकेट चटकाए.

गुजरात टाइटंस ने पहले बैटिंग करते हुए दूसरे ओवर में साई सुदर्शन का विकेट गंवाया. सुदर्शन 7 गेंद में 12 रन ही बना सके. मुकेश ने उन्हें आउट किया. जोस बटलर 27 गेंद में 52 रन बनाकर पवेलियन लौट. कुलदीप ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया. उन्होंने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 60 रन जोड़े. कप्तान शुभमन गिल ने 45 गेंद में 70 रन बनाए. वह लुंगी एनगिडी का शिकार बने. वॉशिंगटन सुंदर 55 रन बनाकर आउट हुए. ग्लेन फिलिप्स 14 रन बनाकर नाबाद लौटे. राहुल तेवतिया ने एक रन बनाया. दिल्ली की ओर से मुकेश ने दो विकेट लिए. दिल्ली कैपिटल्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है. गुजरात टाइटंस की टीम बिना बदलाव के उतरी है, जबकि गुजरात टाइटंस ने एक बदलाव किया.

### स्कोर बोर्ड

गुजरात टाइटंस

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन | 12 | 7 | 2 | 0 |
| शुभमन गिल | 70 | 45 | 4 | 5 |
| जोस बटलर | 52 | 27 | 3 | 5 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 55 | 32 | 6 | 2 |
| ग्लेन फिलिप्स* | 14 | 9 | 1 | 1 |
| राहुल तेवतिया* | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त रन 6, कुल रन 210/4**

**दिल्ली गेंदबाजी :** मुकेश कुमार 4-0-55-2, लुंगी एनगिडी, 4-0-24-1, अक्षर पटेल 3-0-32-0, कुलदीप यादव 4-0-42-1, टी नटराजन 4-0-34-0, विप्रज निगम 1-0-23-0

दिल्ली कैपिटल्स

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसांका | 41 | 24 | 6 | 1 |
| लोकेश राहुल | 92 | 52 | 11 | 4 |
| नितीश राणा | 5 | 6 | 1 | 0 |
| समीर रिज़वी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर* | 41 | 20 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल | 2 | 3 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स | 7 | 6 | 0 | 0 |
| विप्रज निगम | 12 | 7 | 2 | 0 |
| कुलदीप यादव | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त रन 8, कुल रन 209/8**

**गुजरात गेंदबाजी :** मोहम्मद सिराज 4-0-52-1, कगिसो रबाडा 4-0-32-0, राशिद खान 4-0-17-3, अशोक शर्मा 3-0-45-0, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-52-2, वॉशिंगटन सुंदर 1-0-11-0

# युद्धविराम से उद्योग जगत को राहत की उम्मीद

बुद्धप्रकाश बौद्ध

**ग्वालियर 8 अप्रैल.** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम (सीजफायर) ने व्यापार और उद्योग जगत में राहत की उम्मीद जगा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस अस्थायी शांति से वैश्विक बाजार में स्थिरता लौटेगी, जिसका सकारात्मक असर स्थानीय उद्योगों और आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा।

दरअसल, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति

**कच्चे तेल के दाम घटने के संकेत**

प्रभावित हो रही थी। खासकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर अनिश्चितता के चलते तेल की कीमतों में उछाल देखा गया था। अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम और ईरान द्वारा होर्मुज जलमार्ग को खोलने की सहमति के बाद हालात सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारों के अनुसार, इस घटनाक्रम से कच्चे तेल के दामों में नरमी आएगी, जिसका सीधा असर पेट्रोल-डीजल के साथ-साथ प्लास्टिक और अन्य पेट्रो-केमिकल उत्पादों की कीमतों पर पड़ेगा। इससे महंगाई में भी कमी आने की संभावना है।

**महंगाई पर पड़ेगा असर-** आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह युद्धविराम स्थायी शांति में बदलता है, तो आने वाले समय में महंगाई दर में गिरावट दर्ज की जा सकती है। परिवहन लागत कम होने से रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम भी नियंत्रित रहेंगे।

### क्षेत्रीय उद्योगों को मिलेगी गति

ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों—मालनपुर (भिंड), बानमौर (मुरैना) और बाराघाट (ग्वालियर)—में भी इस राहत का असर दिखाई देने की उम्मीद है। पिछले दिनों कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि और सप्लाई बाधित होने से कई उद्योग प्रभावित हुए थे, जिससे उत्पादन की गति धीमी पड़ गई थी। अब सीजफायर के बाद कच्चे माल की उपलब्धता सुधरने और लागत घटने से इन औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन तेज होने की संभावना है। उद्योगों में गतिविधियां बढ़ने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

### इनका कहना है



'सीजफायर से व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता के कारण आयात लागत बढ़ गई थी, जिससे बाजार में वस्तुओं के दाम भी बढ़े। अब हालात सामान्य होने पर कीमतों में कमी आएगी और व्यापार में गति लौटेगी।'

**भूपेंद्र जैन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री - कैट**



'कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का सीधा लाभ उद्योगों को मिलेगा। इससे उत्पादन लागत घटेगी और छोटे व मध्यम उद्योगों को नई ऊर्जा मिलेगी। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्रों में जल्द ही सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।'

**प्रवीण अग्रवाल, चैंबर अध्यक्ष**



'महंगाई का सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थिरता आती है तो रोजमर्रा की जरूरत की चीजों के दाम कम होंगे, जिससे मध्यम और निम्न वर्ग को राहत मिलेगी।'

**ऊदल सिंह दोहरे, शिक्षक**



'युद्ध और तनाव का असर केवल देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका प्रभाव आम आदमी की जिंदगी पर पड़ता है। सीजफायर से शांति का संदेश गया है और इससे आर्थिक संतुलन बनने की उम्मीद है, जो समाज के लिए सकारात्मक संकेत है।'

**सुदामा प्रसाद वर्मा, शिक्षक**

# शीतला सहाय की 96वीं जयंती पर हुई पुष्पांजलि सभा

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 8 अप्रैल.** स्व. शीतला सहाय की 96वीं जयंती पर आज कैंसर हॉस्पिटल परिसर स्थित समाधि स्थल पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सहाय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें एक सच्चा कर्मयोगी, दूरदर्शी नेता एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व बताया। वक्ताओं ने कहा कि छात्र जीवन से लेकर वकालत और मंत्री पद तक की उनकी यात्रा प्रेरणादायक रही तथा स्वास्थ्य मंत्री, गृह मंत्री एवं सिचाई मंत्री के रूप में उन्होंने जनकल्याण के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विवेक नारायण शेजवलकर (पूर्व सांसद), समीक्षा गुप्ता (पूर्व महापौर), साहिब सिंह गुर्जर (विधायक), रमेश अग्रवाल (पूर्व विधायक), भगवान सिंह यादवज (पूर्व विधायक), मुन्नालाल गोयल (पूर्व विधायक), जयप्रकाश राजोरिया (भाजपा जिलाध्यक्ष), अभय चौधरी, अशोक शर्मा, कमल माखीजानी, वेद प्रकाश शर्मा, लालजी जादौन, वीरेंद्र गंगवाल (ट्रस्टी ), शिव कुमार श्रीवास्तव (ट्रस्टी ), यशवंत इंद्रापुरकर, पी. एस. बिसेन, डी. एस. चंदेल, केशव पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से डॉ. बी.आर. श्रीवास्तव, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. अचला सहाय, डॉ. गुंजन श्रीवास्तव एवं जन विकास न्यास परिवार के सभी सदस्य कार्यक्रम में शामिल रहे । बता दें कि अपने पुत्र की असमय मृत्यु से उत्पन्न संवेदनाओं को समाजसेवा में परिवर्तित करते हुए उन्होंने कैंसर अस्पताल की स्थापना की, जिससे आज हजारों मरीजों को जीवनदान मिल रहा है। यह संस्थान ग्वालियर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश एवं देश के मरीजों के लिए आशा का केंद्र बन चुका है। इस अवसर पर भजन गायक मनीष सक्सेना ने अत्यंत सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी. सभी उपस्थितजनों ने कटोराताल के पास स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी।

# वारदात की नीयत से घूम रहा बदमाश गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 अप्रैल।** क्राइम ब्रांच और थाना विश्वविद्यालय पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक शातिर बदमाश को दबोचा है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नीडम रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच और विश्वविद्यालय थाने की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे तत्परता से पकड़ लिया।

**भिंड का निवासी है आरोपी-** पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अभिषेक बाल्मीक 23 वर्ष, निवासी ग्राम नोनेरा, गोहद,भिंड बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली, तो उसकी कमर से एक 315 बोर का देशी कट्टा और जेब से दो जिंदा राउंड बरामद हुए।


कट्टा लोड अवस्था में था। थाना विश्वविद्यालय पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 86/26, धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह हथियार कहाँ से लाया था और शहर में किस वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

# भगवान परशुराम चल समारोह की तैयारी शुरू, नई कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 अप्रैल।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले भव्य 'चल समारोह' की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण समाज ने अपनी कमर कस ली है। इसी क्रम में आज लक्ष्मीबाई कॉलोनी स्थित गंगा दास की शाला में समाज की एक वृहद बैठक हुई, जिसमें आयोजन को भव्य रूप देने सर्वसम्मति से नई जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में उपस्थित समाज के प्रबुद्धजनों ने सर्वसम्मति से महेंद्र पटसरिया को मुख्य संयोजक मनोनीत किया है। आयोजन को



सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने निम्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई: उप संयोजक के.पी. अरजरिया, सह संयोजक: राजीव थापक एवं विक्रम शर्मा, महिला संयोजक: सीमा समाधिया, युवा संयोजक: मोनू शर्मा एवं संगम भार्गव, मीडिया प्रभारी: डॉ. अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट।

बैठक का मुख्य उद्देश्य अक्षय तृतीया के अवसर पर निकलने वाले परशुराम चल समारोह की रूपरेखा तैयार करना था। वक्ताओं ने जोर दिया कि इस बार का समारोह न केवल भव्य होगा, बल्कि इसमें समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक वैभव की झलक भी दिखाई देगी। चल समारोह के मार्ग, झाँकियों की व्यवस्था और सुरक्षा पहलुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में भारी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक और मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेंद्र भारद्वाज, भूपेंद्र शर्मा, प्रेम पचोरी, किशन मुद्गल, राजेश नायक, बसंत खमरिया, अशोक पटसारिया, इंजी.विजय शर्मा पंकज सोनकिया, दीपक शर्मा, शशीकांत दीक्षित, सतीश शर्मा, अखिलेश पांडे, रवि गौड़, विकी शर्मा, राजेंद्र भारद्वाज, धारा शर्मा और ब्रह्मदत्त पांडे मौजूद थे।

समाज की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में शिरकत की, जिनमें ममता कटारे, कांता शर्मा, मनीषा शर्मा, अंजू दीक्षित, सुधा दीक्षित, मंजू मिश्रा और नीतू शर्मा सहित सैकड़ों सदस्य शामिल हुए।

नवनियुक्त मुख्य संयोजक महेंद्र पटसरिया ने कहा कि जल्द ही विभिन्न टोलियों का गठन किया जाएगा, जो घर-घर जाकर समाज बंधुओं को समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित करेंगी।

# स्पेशल ओलंपिक्स फुटबॉल चैम्पियनशिप का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 अप्रैल.** स्पेशल ओलंपिक्स भारत के गोथिया कप स्पेशल ओलंपिक्स फुटबॉल चैम्पियनशिप (पुरुष) का शुभारंभ

**15 राज्यों के 120 खिलाड़ी शामिल हुए**

बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र पर हुआ। ओलंपिक में 15 राज्यों से 120 से अधिक एथलीट और कोच शामिल थे। ओलंपिक का शुभारंभ पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर,



एलएनआईपीई की कुलपति प्रो. कल्पना शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, स्पेशल ओलंपिक्स भारत के बोर्ड सदस्य दीपांकर बनर्जी, प्रमुख सस्टेनेबिलिटी एवं सीएसआर एसकेएफ इंडिया इंडस्ट्रियल शशि शेट्टी, प्रमुख सस्टेनेबिलिटी एवं सीएसआर एसकेएफ इंडिया ऑटोमोटिव अश्विनी माविनकुर्वे, प्रबंधक कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं सीएसआर एसकेएफ इंडिया इंडस्ट्रियल मयूर देशमुख ने किया। सबसे पहले विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने मार्च पास्ट किया। इसके बाद एथलीटों ने अंग्रेजी और हिंदी दोनों में शपथ ली, जिसमें निष्पक्ष खेल, खेल भावना और स्पेशल ओलंपिक्स आंदोलन के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई। समारोह के सबसे प्रेरक क्षणों में से एक मार्च पास्ट था, जिसमें 15 भाग लेने वाले राज्यों की टीमों ने अपने-अपने कप्तानों के नेतृत्व में राज्य-पट्टिकाएं लेकर गर्व के साथ मार्च किया। ओलंपिक में बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल और मेजबान मध्यप्रदेश की टीम शामिल हैं। अतिथियों ने कहा कि यह एक सहयोगात्मक मंच है, जो बौद्धिक दिव्यांगता वाले एथलीटों की खेल संबंधी आकांक्षाओं को बढ़ावा देता है। यह चैम्पियनशिप कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से समावेशी विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति एसकेएफ इंडिया की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने कहा कि एसकेएफ मीट द वर्ल्ड पहल ऐसी समुदायों के निर्माण की एसकेएफ की वैश्विक दृष्टि को दर्शाती है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को भागीदारी और प्रगति का अवसर मिले।

## योगेश तिवारी को भाजपा प्रदेश मीडिया पैनल में जिम्मेदारी



**ग्वालियर 8 अप्रैल.** वरिष्ठ पत्रकार योगेश तिवारी को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट के रूप में शामिल किया गया है। तिवारी ने भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल से भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान अग्रवाल ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। ग्वालियर में जन्मे और पले-बढ़े योगेश तिवारी लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

# कैंसर हॉस्पिटल में ब्लड कंपोनेंट थेरेपी यूनिट का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 अप्रैल.** कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, ग्वालियर में ब्लड कंपोनेंट थेरेपी यूनिट का शुभारंभ किया गया। ब्लड कंपोनेंट थेरेपी एक आधुनिक चिकित्सा पद्धति है, जिसमें रक्त को विशेष मशीनों द्वारा विभिन्न घटकों जैसे प्लाज़्मा, रेड ब्लड सेल्स, प्लेटलेट्स, इम्यूनोग्लोबुलिन्स आदि में विभाजित कर अलग-अलग सुरक्षित बैग्स में संरक्षित किया जाता है। इसके पश्चात मरीजों को उनकी आवश्यकता के अनुसार केवल आवश्यक रक्त घटक नसों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इससे न केवल रोग का अधिक प्रभावी उपचार संभव होता है, बल्कि मरीजों की जीवन गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होता है।

इस अवसर पर संयुक्त रूप से ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन से संबंधित सभी अत्याधुनिक मशीनों का संचालन प्रारंभ किया गया ।यह सुविधा किसी तृतीयक क्षेत्रीय कैंसर उपचार केंद्र में उपलब्ध होना दूरदर्शी पहल है,



## फूलबाग पर हेमंत बिस्वा का पुतला दहन एवं उग्र नारेबाजी

**ग्वालियर 8 अप्रैल.** असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में ग्वालियर में महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति सिंह और उनकी साथियों ने फूलबाग पर हेमंत बिस्वा का पुतला दहन किया एवं उग्र नारेबाजी की।

## शहीद मंगल पांडे के 169वें बलिदान दिवस पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**ग्वालियर 8 अप्रैल.** सकल ब्राह्मण महासमिति के प्रधान कार्यालय पर आज प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अलख जगाने वाले क्रांतिकारी शहीद मंगल पांडे के 169वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा युवा समाज सेवी ब्राह्मण रेजीमेंट के अवनीश शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

मुख्य वक्ता सकल ब्राह्मण महासमिति के संस्थापक डॉ. जयवीर भारद्वाज, कृष्ण बिहारी दुबे, संगीता शर्मा, डॉ सरिता त्रिपाठी, शशि व्यास, रेनू दण्डोतिया थे। संचालन देवेंद्र कुमार पाठक ने किया।

# सांसद ने 2 .30 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अप्रैल। क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देते हुए सांसद भारत सिंह कुशवाह ने

**ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भवन व आंगनबाड़ी निर्माण को मिली गति, समयसीमा व गुणवत्ता पर जोर**

पोहरी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 2 करोड़ 30 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बागौदा के ग्राम हुसैनपुर में 25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन एवं 11.97 लाख की लागत से आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत खोदा के ग्राम गूगरगांव में 25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की आधारशिला रखी गई। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भदरौनी के ग्राम सेगड़ा एवं सेवाखेड़ी में 25-25



लाख की लागत से सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत डांगवर्वे एवं ऐसवाया में 15-15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया।

सांसद भारत सिंह कुशवाह ने इस अवसर पर स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास ही क्षेत्र की समृद्धि की कुंजी है। कार्यक्रम में पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, जनपद अध्यक्ष रामकली आदिवासी, भरत दांतरे, मंडल अध्यक्ष विष्णु परिहार, आशुतोष जैमनी, धीरज व्यास, जिला उपाध्यक्ष शालिग्राम कुशवाह, महामंत्री झिरी रंजीत धाकड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।